कपड़ा नीति जून में, बुनकरों को मिलेंगे पॉवर लूम

लखनऊ। प्रदेश सरकार नई टेक्सटाइल्स पॉलिसी-2022 को जून में लागू करेगी। इसके तहत पांच वर्षों में एक हजार करोड़ रुपये का निवेश लाने का लक्ष्य रखा गया है। इतना ही नहीं सौर ऊर्जा से पावरलूम संचालन को प्रोत्साहन देने के लिए एक नई योजना का संचालन किया जाएगा। इसके लिए हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग की ओर से 500 सोलर लूम बनाकर बुनकरों में बांटे जाएंगे।

निर्यात आधारित 115 उद्योग किए जाएंगे स्थापित

प्रदेश में बुनकरों को नई तकनीक व योजनाओं से जोड़ने का काम किया जाएगा। योगी सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था देश में नंबर एक अर्थव्यवस्था बने। इसके तहत 100 दिनों की कार्ययोजना तैयार की गई है। जून तक 3000 करोड़ के निवेश से लगभग 115 एक्सपोर्ट ओरिएंटेड टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस योजना का शिलान्यास जुलाई में किया जाएगा। इनमें सितंबर 2025 तक वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करा दिया जाएगा। ब्यूरो